




एक नजर में



## महाराजा छत्रसाल के मकबरे के पास अवैध उत्खनन

**छतरपुर, 21 दिसंबर.** तहसील क्षेत्र के महेबा गांव के पास स्थित महाराजा छत्रसाल के मकबरे के समीप अवैध बालू उत्खनन का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार यहां ट्रैक्टर के माध्यम से लगातार बालू का अवैध उत्खनन किया जा रहा है. यह उत्खनन मकबरे के पास ही जारी है. अवैध बालू उत्खनन से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है. सामने आए वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि ट्रैक्टरों के जरिए बालू का अवैध उत्खनन किया जा रहा है. वीडियो के सामने आने के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है. वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन की ओर से जांच किए जाने की बात कही जा रही है. फिलहाल प्रशासन द्वारा पूरे मामले की जांच करने की प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी दी गई है. महाराजा छत्रसाल के मकबरे के पास अवैध बालू उत्खनन का यह वीडियो सामने आने के बाद अब सभी की नजर प्रशासन की जांच पर टिकी हुई है. जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इस मामले में आगे क्या कार्रवाई की जाएगी.

## विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश के लिए कर रहे प्रोत्साहित



**सीहोर.** उच्च शिक्षा विभाग शासन के निर्देशानुसार पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस द्वारा कॉलेज चलो अभियान का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। यह अभियान ई-प्रवेश सत्र 2026-27 के अंतर्गत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसरों, पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया तथा करियर संभावनाओं से अवगत कराने के लिए संचालित किया जा रहा है. कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहिताश्व शर्मा ने बताया किकॉलेज की टीम द्वारा शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों का भ्रमण कर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को ई-प्रवेश प्रक्रिया, उपलब्ध पाठ्यक्रम, करियर अवसरों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख प्रावधानों—बहुविषयक शिक्षा, क्रेडिट बैंक, कौशल आधारित पाठ्यक्रम, विषय चयन आदि की जानकारी सरल एवं व्यावहारिक रूप में दी जा रही है.

## राज्य शिक्षक संघ ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन




**सीहोर.** राज्य शिक्षक संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक संवर्गों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में समस्त शिक्षक शासकीय खेलकूद संस्थान भोपाल नाका परिसर पर एकत्रित होकर आगामी रणनीति को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए और रैली निकालकर जिलाधीश प्रतिनिधि धीरेंद्र वर्मा राजस्व निरीक्षक एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि उमेश सिंह राठौड़ कनिष्ठ लेखा परीक्षक को निम्नलिखित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौपा गया. ज्ञापन सौपने वालों में जिला अध्यक्ष विश्वजीत त्यागी, संजय सिंह जादौन संरक्षक, सुरेश गुप्ता, जागेश्वर भगत, यशवंत ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, चन्दर सिंह ठाकुर, हरदयाल आजाद, रमन तिवारी, महेंद्र सोलंकी, सम्राट ढोके, जगदीश मालवीय, इन्दर सिंह ठाकुर, एस.एस.परिहार, गोपाल ठाकुर, कृपाल ठाकुर, भूपेन्द्र सिंह, सुरेन्द जामलिया, डी.एस.राणा, ब्रजेश शर्मा, बाबूलाल धुर्वे, सुखदेव धुर्वे, आरव्ही उदयपुरिया, चुन्नीलाल परमार, अनोखीलाल परमार आदि उपस्थित रहे.

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी गठित




**सीहोर.** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें सभी ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे. बैठक में निम्न बिंदुओं पर सहमति बनी. प्रत्येक विकासखंड में मंडल रचना पूर्ण कर संयोजक एवं सहसंयोजक की नियुक्ति की गई, हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ योजना हेतु एक संयोजक एवं दो सहसंयोजक की भी नियुक्ति की गई.बैठक में प्रांतीय सचिव अनिल सिंह मुक्तावत एवं हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ के प्रभारी डॉ. विनय सिंह चौहान जिला अध्यक्ष दिवाकर सिंह, जिला सचिव जीतेन्द्र सिंह राठौर,जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, भैरों सिंह शाक्य,पवन त्यागी, लोकेश उपाध्याय,अनिल गंगवार, सतीश गौर ,रूप सिंह वर्मा ,अजय कुमार शर्मा ,श्रीमती अर्चना द्विवेदी, एकलव्य चाहर उपस्थित रहे.

## राज्य स्तरीय बॉक्सिंग में सीहोर के बॉक्सर करेंगे प्रदर्शन

**सीहोर.** जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव एवं कोच आनन्द पंसोरिया ने बताया कि सोमवार से 24 दिसम्बर तक राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो कि सिवनी में आयोजित होने जा रही है, जिसमें जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के यूथ एवं सीनियर बालक व बालिका प्रतिभागी भाग लेगें. युवा बॉक्सरों को खेल संगठनों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं.

## कोठरी में हाईवे के किनारे का हटाया अतिक्रमण

**कोठरी.** देवास-भोपाल फोरलेन पर सड़क सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया गया. सड़क के दोनों ओर वह खाली जगह, जिसे तकनीकी भाषा में शोल्डर कहा जाता है ग्राम कोठरी में स्थानीय अतिक्रमण के कारण यह जगह सिमटती जा रही थी, जिससे न केवल यातायात बाधित हो रहा था, बल्कि जिंदगियों पर भी खतरा मंडरा रहा था कॉरिडोर की पेट्रोलिंग टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कड़ा रुख अपनाया और मार्ग के दोनों ओर से अतिक्रमण को पूरी तरह साफ कराया. कारिडोर टीम ने यातायात में बाधक बनने वाले अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटाया गया.

# शिवप्रताप सिंह चौहान बने अध्यक्ष

### जिला अधिवक्ता संघ चुनाव : 101 मतों के अंतर से दर्ज की जीत, सचिव पद पर अनिल कुमार विजय

**छतरपुर, 21 दिसंबर. जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं. चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया. घोषित परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर शिव प्रताप सिंह चौहान 'रिशु' और सचिव पद पर अनिल कुमार द्विवेदी ने जीत हासिल की.**

अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में शिव प्रताप सिंह चौहान को कुल 323 मत प्राप्त हुए. उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 101 मतों के बड़े अंतर से पराजित कर स्पष्ट जीत दर्ज की. वहीं सचिव पद के लिए मुकाबला काफी रोचक रहा. अनिल कुमार द्विवेदी ने 285 मत हासिल कर मात्र 8 मतों के मामूली अंतर से जीत दर्ज की.



परिणामों की घोषणा के बाद अधिवक्ता संघ परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला. विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयां दीं. बड़ी संख्या में अधिवक्ता संघ कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष और सचिव को शुभकामनाएं देते नजर आए. जीत के बाद अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह चौहान और सचिव अनिल कुमार द्विवेदी ने समस्त अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संघ की गरिमा बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी. साथ ही अधिवक्ताओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान, संघ को अधिक सक्रिय बनाने और न्यायिक व्यवस्था को सशक्त करने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया जाएगा.

> नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि वे सभी अधिवक्ताओं को साथ लेकर चलेंगे और संघ को एक मजबूत मंच के रूप में विकसित करेंगे. अधिवक्ताओं ने भी उम्मीद जताई कि नया नेतृत्व उनके हितों की रक्षा करेगा और संगठन को नई दिशा प्रदान करेगा.

## योजना का नाम बदल कर बंद करने की साजिश

**सीहोर 21 दिसंबर.** जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम और रोजगार की गारंटी का स्वरूप बदलने के विरोध में धरना प्रदर्शन तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क में किया. इस अवसर पर विशेष अतिथि सहप्रभारी दिनेश मेघानी, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल उपस्थित रहे. पूर्व विधायक पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा श्रमिकों के अधिकारों और उत्तरदायित्वों को समाप्त करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं को खत्म करने की साजिश कर रही है. सह प्रभारी दिनेश मेघानी ने कहा कि इस योजना में राज्यों पर हिस्सेदारी का बोझ डालकर केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है. यह बदलाव करके केंद्र सरकार जनता के काम के कानूनी अधिकार को ही समाप्त करना चाहती है. अंत में आभार वरिष्ठ कांग्रेस नेता जफरलाल ने व्यक्त किया.

## नाबालिग ने मृत नवजात को दिया जन्म, पुलिस कर रही जांच

- जिले के नौगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की घटना

**छतरपुर, 21 दिसंबर. जिले के नौगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक नाबालिग ने मृत बच्चे को जन्म दिया है. चिकित्सकों के अनुसार नवजात जन्म के समय ही मृत था. घटना की जानकारी मिलते ही नौगांव पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी.**

नाबालिग के परिजनों ने बताया कि देर रात उसे नौगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चौहान हॉस्पिटल रेफर किया गया था. उपचार के दौरान नाबालिग ने वहीं मृत बच्चे को जन्म दिया. घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और पुलिस को सूचना दी गई. स्वास्थ्य केंद्र सूत्रों के अनुसार नाबालिग की हालत फिलहाल स्थिर है. उसे नौगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है. डॉक्टरों की एक टीम लगातार उसकी देखभाल कर रही है. पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है. नाबालिग के गर्भवती होने के कारणों और परिस्थितियों की जांच की जा रही है. आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है. प्रशासन और बाल संरक्षण से जुड़े विभागों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है. जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## कबड्डी मैच के दौरान भिड़े खिलाड़ी, वीडियो वायरल

- सांसद खेल महोत्सव में हंगामा, कुर्सियां फेंकी
- मौके पर पहुंची पुलिस ने संभाली स्थिति

**छतरपुर, 21 दिसंबर. जिले के चंदला स्थित सब्जी मंडी परिसर में आयोजित सांसद बीडी शर्मा के सांसद खेल महोत्सव के दौरान उस समय हंगामा मच गया, जब कबड्डी मैच के दौरान दो टीमों के खिलाड़ियों के बीच विवाद बढ़कर मारपीट में बदल गया.**



घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में चंदला मंडल और गौरिहार मंडल के बीच चल रहे कबड्डी मैच के दौरान खिलाड़ी आपस में हाथापाई करते और एक-दूसरे पर कुर्सियां चलाते नजर आ रहे हैं. खेल के दौरान किसी बात को लेकर पहले विवाद हुआ, जो देखते ही देखते उग्र हो गया. मौके पर मौजूद आयोजक खिलाड़ियों को समझाते हुए दिखाई दिए, वहीं पुलिसकर्मी भी स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास करते नजर आए. यह खेल महोत्सव सांसद बीडी शर्मा द्वारा उनके क्षेत्र चंदला में आयोजित किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार शामिल हुए थे. दिलीप अहिरवार चंदला विधानसभा से विधायक भी हैं.

> मामले को लेकर एसडीओपी पुलिस नवीन दुबे ने बताया कि खेल के दौरान खिलाड़ियों के बीच हल्की झूमाझटकी को लेकर विवाद हुआ था, जिसे मौके पर ही आपसी समझौते से सुलझा लिया गया. उन्होंने बताया कि इस संबंध में किसी भी पक्ष द्वारा थाने में कोई शिकायत या रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है, इसलिए फिलहाल किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है. घटना का वीडियो वायरल होने के बाद खेल आयोजन की व्यवस्थाओं और सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं.

## मिस्त्री ने ही लाखों की चोरी को दिया था अंजाम

- ग्राम कजलास में हुई थी लाखों की नगदी व जेवरात की चोरी
- जावर पुलिस ने चोरी के दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**जावर 21 दिसंबर.** बीते दिनों ग्राम कजलास के एक मकान में लाखों रुपए के जेवरात व नगदी ले जाने वाले चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए माल बरामद किया है. आरोपियों में से एक ने उसी मकान में मिस्त्री का काम किया था और उसे पता कि कुछ दिन मकान सूना रहेगा. नतीजतन उसने अपने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया.



गौरतलब है कि गत 6 दिसंबर को ग्राम कजलास निवासी अतुल जैन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह 2 दिसंबर को ग्वालियर शादी में गया था. वापस लौटने पर घर का सामान बिखरा पड़ा था. अज्ञात आरोपियों द्वारा अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण एवं नगद राशि चोरी कर ली गई थी. लाखों रुपए की नगदी व सोने- चांदी के जेवरातों की चोरी को पुलिस ने संजीदगी से लेते हुए आरोपियों तलाश शुरू कर दी थी. जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, साइबर साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया. इसी दौरान सूचना मिली कि ग्राम कजलास का मजदूर शादाब शाह घटना के बाद अत्यधिक खर्च कर रहा है. बाजार से नया मोबाइल एवं अन्य सामान खरीदता पाया गया,जबकि पहले उसकी आर्थिक स्थिति सामान्य थी. जिसके आधार पर उसे थाने लाकर पूछताछ की गई तो उसने सब कुछ उगल दिया. उसने बताया कि चोरी की वारदात को अपने ममेरे भाई सलमान उर्फ सुल्तान के साथ मिलकर अंजाम दिया था. चोरी के बाद उन्होंने माल और नगद राशि को आपस में बांट लिया था.

शादाब मिस्त्री का कार्य करता था और फरियादी अतुल जैन के घर का निर्माण कार्य उसी ने किया था. अतुल ने उसे बताया था कि वह चार दिन के लिए बाहर जा रहा है. इसी का फायदा उठाकर 03 दिसंबर की रात दोनों आरोपियों ने घर की नीची दीवार से चढ़कर छत पर लगे टीनशेड को हटाकर अंदर घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर चोरी की. चोरी के आरोपियों से लगभग 30 तोला सोना, लगभग 2.9 किलो चांदी एवं 1, लाख 24 हजार रुपए नगदी भी बरामद की गई है.

## नर्मदा परिक्रमा के दौरान बुधनी पहुंचे मस्ताल




नवभारत न्यूज

**बुधनी 21 दिसंबर.** अभिनेता और कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा नर्मदा परिक्रमा के दौरान बुधनी पहुंचे. कांग्रेस कार्यकर्ताओं व लोगों ने उनका स्वागत किया.

शनिवार को जहाजपुरा से रात्रि विश्राम के बाद उन्होंने अपनी यात्रा शुरू की.रास्ते में जगह-जगह लोगों ने उनका स्वागत किया. देर शाम बुधनी में नर्मदा घाट पर स्थित मां नर्मदा की पूजा-अर्चना के बाद एक आश्रम में उन्होंने विश्राम किया. रविवार सुबह मां नर्मदा की पूजा-अर्चना के साथ यात्रा फिर शुरू हुई. इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया. लोगों ने परिक्रमा वासियों का भी स्वागत किया. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं ने भी उनका जोरदार स्वागत किया. इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश राजपूत सहित अन्य साथी मौजूद रहे.

विक्रम मस्ताल ने इस यात्रा को पूरी तरह धार्मिक बताया और कहा कि इसका कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है. उन्होंने बताया कि यह यात्रा उन्हें आध्यात्मिक शांति और संतोष दे रही है. इसके साथ ही वे नर्मदा नदी की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता फैला रहे हैं. विक्रम मस्ताल ने यह परिक्रमा 3 नवंबर को ओंकारेश्वर से शुरू की और लगभग 3000 किलोमीटर की पैदल यात्रा है.

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने तीन जुआरियों को रंगे हाथों दबोचा

**सीहोर.** एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में अवैध गतिविधियो को रोकने हेतु दिए गये निर्देशों के तारतम्य में एएसपी सुनीता रावत, एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा जुए की फड़ पर कार्रवाई करते हुए 41 हजार 500 रुपए व ताश के पत्ते जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है. उप निरीक्षक नंदराम अहिरवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोंडी गुराडिया में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए जुआ खेल रहे लोगों को पकड़ा. पुलिस के हत्थे चढ़े जुआरी मंगलसिंह चौहान उर्फ बाबा पिता नारायणसिंह चौहान निवासी वार्ड न.12 रेहटी, राजेश पटेल निवासी गोंडी गुराडिया तथा वीरेन्द्र चौहान निवासी हनुमान चौक के पास से कुल 41 हजार 500 रुपए जब्त किया गया.

## कल से सात दिवसीय शिव महापुराण कथा

**सीहोर.** शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर में आगामी 23 दिसंबर से भव्य शिव महापुराण का आयोजन किया जाएगा. कथा वाचक आचार्य पंडित राहुल कृष्ण के द्वारा सात दिवसीय कथा का आयोजन किया जा रहा है. मंगलवार को कथा का शुभारंभ सुबह दस बजे कलश यात्रा के साथ किया जाएगा. प्राचीन जगदीश मंदिर में मंगलवार से होने वाली सात दिवसीय शिव महापुराण के पहले दिन इसकी शुरूआत कलश यात्रा से आरंभ की जाएगी. कथा के दौरान 12 ज्योतिर्लिंग के बारे में और भगवान शिव की विभिन्न लीलाओं के बारे में वर्णन किया जाएगा. आयोजन समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की है.

**आयोजन** ▶ केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया प्रयोगशाला का शुभारंभ

## महिला किसान सशक्तिकरण की मिसाल बनेगी बुधनी

नवभारत न्यूज

**बुधनी 21 दिसंबर.** कृषि क्षेत्र में महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान में महिला प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, ड्रोन अनुकरण प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दोनों इकाइयों का उद्घाटन किया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बुधनी स्थित यह संस्थान महिला किसान सशक्तिकरण का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा. यहां महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीक, कृषि यंत्र एवं ड्रोन प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे



वे आत्मनिर्भर बनें और कृषि क्षेत्र में नई भूमिका निभा सकें.

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिला प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के माध्यम से महिलाओं को कृषि यंत्रों के संचालन, आधुनिक खेती, तकनीकी कौशल और नवाचारों का प्रशिक्षण दिया जाएगा. वहीं ड्रोन अनुकरण प्रयोगशाला में कृषि कार्यों में ड्रोन तकनीक के व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे महिला प्रशिक्षु आधुनिक कृषि से जुड़ सकेंगी. कार्यक्रम में संयुक्त सचिव एस रुक्मणी, उप आयुक्त एएन मेश्राम तथा केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान निदेशक बीएम नांदेड, विधायक रमाकांत भार्गव, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एसडीएम, एसडीओपी, संस्थान के अधिकारी-कर्मचारी, महिला किसान एवं प्रशिक्षु मौजूद रहे.

ट्रैक्टर प्रशिक्षण केंद्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ एवं शिलान्यास किया गया. इस मौके पर किसान संवाद, आधुनिक कृषि तकनीकों व ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन भी किया गया.

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर.** स्विास्थ्य विभाग द्वारा सीजनल एनफ्लूऐन्जा की रोकथाम, बचाव और नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि मौसम में होने वाले बदलाव के कारण सर्दी-खांसी के लक्षण दिखाई दे सकते हैं. इस संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छता, सामाजिक दूरी, मास्क पहनना आवश्यक है, ताकि संक्रमण न फैले. छोटे बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं, लंग्स इन्फेक्शन, डायबिटीज, हृदय रोग, क्रोनिक लीवर वाले मरीजों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है. चिकित्सकों ने हिदायत दी है कि बुखार, खांसी, तीव्र श्वसन जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तत्काल स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें.